Title: Need for early implementation of schemes for farmers whose land lies across the barbed wire fencing in Punjab border.

श्री जोरा सिंह मान (फिरोजपुर) : सभापति जी, पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा पंजाब में गुरूद्वासपुर, अमृतसर और फिरोजपुर तीन जिलों से गुजरती है। पाकिस्तान से अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए कंटीले तारों की बाढ़ लगायी गयी है, किंतु यह बाढ़ भारतीय सीमा में इतनी अंदर है कि भारत की भूमि इस बाढ़ के परे भी है। जहां भारतीय किसान खेती करते हैं। पर यह खेती जोखिम से भरी है। काम का समय कम होने से यहां भूमि पर उपज भी उपेक्षाकृत कम होती है। साथ ही पाकिस्तानी सेना के शरारती व्यवहार के कारण काम करने वाले किसानों की जिन्दगी हमेशा ही संकट में बनी रहती है। गत माहों में सरकार ने इन किसानों के लिए एक विशे सहायता योजना की घोाणा की थी, जिनके क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल, सड़क, क्षतिपूर्ति के रूप में आर्थिक सहायता, सरकारी पदों पर नियुक्तियां, आदि। परन्तु इनका क्रियान्वयन प्रारम्भ नहीं हो पाया है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि सरकार अपनी घोाण को अमली जामा पहनाने के लिए अविलंब कार्यवाही करें।